Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

19/01/2023 PAN INDIA

भारतीय जीवन बीमा निगम ने एलआईसी की नयी योजना जीवन आजाद पेश की (तालिका नंबर 868)यूआईएन: 512N348V01

भारतीय जीवन बीमा निगम ने एलआईसी की नयी योजना जीवन आजाद पेश की। यह एक गैर-भागीदारी, व्यक्तिगत, बचत जीवन बीमा योजना है जो सुरक्षा और बचत का एक आकर्षक संयोजन प्रदान करती है। यह एक सीमित प्रीमियम भुगतान बंदोबस्ती योजना है जो पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में परिवार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और ऋण सुविधा के माध्यम से तरलता की जरूरतों का भी ध्यान रखती है। यह परिपक्वता की तिथि पर जीवित बीमित व्यक्ति को गारंटीकृत एकमुश्त राशि प्रदान करती है।

जोखिम शुरू होने की तारीख के बाद लेकिन परिपक्वता की तारीख से पहले पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर देय मृत्यु लाभ, "मृत्यु पर बीमित राशि" होगी जहाँ "मृत्यु पर बीमा राशि", 'मूल राशि' या 'वार्षिक प्रीमियम का 7 गुना' जो भी अधिक है। यह मृत्यु लाभ, मृत्यु की तिथि तक "भुगतान किए गए कुल प्रीमियम" के 105% से कम नहीं होगा|

बीमित व्यक्ति के परिपक्वता की निर्धारित तिथि तक जीवित रहने पर, परिपक्वता पर बीमित राशि जो मूल बीमित राशि के बराबर होती है, देय होगी। यह योजना कुछ शर्तों के अधीन किश्तों में मृत्यु/परिपक्वता लाभ प्राप्त करने का विकल्प भी प्रदान करती है। अतिरिक्त प्रीमियम के भुगतान पर इस योजना के तहत तीन वैकल्पिक राइडर उपलब्ध होंगे।

प्रति जीवन न्यूनतम मूल बीमित राशि रु. 2,00,000/- है और प्रति जीवन अधिकतम मूल बीमित राशि रु. 5,00,000/- है। पॉलिसी को 15 से 20 साल की अवधि के लिए लिया जा सकता है, प्रीमियम भुगतान अवधि पॉलिसी अवधि से 8 साल कम होगी। प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 90 दिन पूरी होनी चाहिये और प्रवेश के समय अधिकतम आयु 50 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) है।

प्रीमियम का भुगतान नियमित रूप से वार्षिक, अर्धवार्षिक, त्रैमासिक या मासिक विधि द्वारा पर किया जा सकता है (मासिक प्रीमियम केवल एनएसीएच के माध्यम से)। यह प्लान ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.licindia.in देखें या एलआईसी की किसी शाखा से संपर्क करें।
दिनांक 19 जनवरी, 2023 को मुंबई में।
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (नि. सं)
भारतीय जीवन बीमा , केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com हमें www.licindia.in पर मिलें

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, We also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.